राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण

राजस्थान उच्च न्यायालय परिसर, जयपुर पीठ, जयपुर

(Phone: 0141-2227481, FAX: 2227602 Toll Free HelpLine- 15100/9928900900)

E-mail: rslsajp@gmail.com, rj-slsa@nic.in, Website: www.rlsa.gov.in

क्रमांकः–रालसा/स्टोर/एफ 9/2022–23/ 7573 दिनांकः– 12/04/2022

सीमित निविदा - 01

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर द्वारा आगामी एक वर्ष हेतु कार्यालय में संस्थापित 05 (पांच) केनन फोटोस्टेट मशीनों के वार्षिक रख–रखाव मय पार्ट्स बाबत् दरें प्रति कॉपी की दर से आमत्रंण हेतु सीमित निविदा जारी की जाती है। निविदा दिनांक 20.04.2022 को प्रातः 11.00 बजे तक स्वीकार की जावेगी, इसके पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा। निर्धारित समय तक प्राप्त निविदा उसी तिथि को दोपहर 12:00 बजे अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय चैम्बर में विभागीय उपापन समिति के समक्ष एवं उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोले जावेंगे। इस कार्य पर लगभग 50 हजार रुपये एक वर्ष में व्यय होना सम्भावित है।

निविदा की शर्तेः–

1. फोटो स्टेट मशीनों के रखरखाव के अन्तर्गत पार्ट्स एवं इंक सेवा प्रदाता द्वारा उपलब्ध करायी जायेगी।
2. सेवा प्रदाता फर्मो द्वारा निविदा प्रेषित करने से पूर्व, कार्यालय समय में कार्य का निरीक्षण किया जा सकता है।
3. सभी मशीनों का रख–रखाव व सर्विस फर्म के प्रशिक्षित सर्विस इंजिनियरों द्वारा ही किया जावेगा।
4. सभी मशीनों की सर्विस व मरम्मत कार्य शिकायत अनुसार विभाग में तुरंत उपस्थित होकर दुरूस्त करनी होगी।
5. निविदा में प्रेषित दरों के अलावा अन्य किसी भी प्रकार का टैक्स देय हो तो निविदा में अलग से अंकित करें।
6. कार्यालय में स्थापित फोटोस्टेट मशीनों की मरम्मत/सर्विस के दौरान क्षति होती है, तो इसके लिए स्वयं निविदादाता उत्तरदायी होगा।
7. कार्य संतोषप्रद होने पर ही भुगतान देय होगा।
8. राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के अलावा अन्य कोई भी शर्ते स्वीकार नही होगी।
9. मशीनों में ओरिजनल पार्टस लगाने होंगे एवं अनुबंध के अनुसार ही बदले जाएँगे एवं बदले गये पार्ट्स विभाग के स्टोर अनुभाग में जमा करवाने होंगे जिसके पश्चात् ही भुगतान की कार्यवाही प्रारम्भ होगी।
10. निविदा के साथ अधिकृत व्यवसायी का रजिस्ट्रेशन एवं जी.एस.टी. पंजीयन प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
11. उक्त शर्तो के अतिरिक्त RTPP नियम 2018 की शर्त भी लागू होगी।

12/04/2022

निदेशक

क्रमांकः–रालसा/स्टोर/एफ 9/2022–23/ 7574-76 दिनांकः– 12/04/2022

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. नोटिस बोर्ड, कार्यालय हाजा/नोटिस बोर्ड राज. उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ, जयपुर।
2. श्री रविन्द्र कुमार छीपी, प्रोग्रामर को विभागीय वेबसाईट एवं SPPP पर अपलोड करने हेतु।
3. संबंधित/रक्षित पत्रावली।

12/4/2022

उप सचिव (स्टोर प्रभारी)